उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी

शास्त्रीय एवं सुगम संगीत
(भजन एवं ग़ज़ल) प्रतियोगिता/टैलेन्ट हण्ट

नियमावली
एवं
आवेदन पत्र

उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

दूरभाष : 7607654401

E-mail : sangeetpratiyogita.upsna@gmail.com

शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता
(भजन एवं ग़ज़ल)

परिचय:

संगीत के क्षेत्र में प्रदेश के उदीयमान प्रतिभा सम्पन्न अव्यवसायिक बाल, किशोर एवं युवा कलाकारों की खोज के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का वार्षिक आयोजन वर्ष 1975 से प्रारम्भ किया गया। कालान्तर में प्रतिभा खोज कार्यक्रम को अधिक व्यापक बनाने की दृष्टि से इस प्रतियोगिता को दो चरणों में बाँटा गया है। पहले चरण में यह प्रतियोगिता प्रदेश के 24 चयनित नगरों में संभागीय स्तर पर तथा दूसरे चरण में इन नगरों से विभिन्न विषयों एवं वर्गो में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रादेशिक स्तर पर लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाता है। प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में पुरस्कृत प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप अकादमी द्वारा विभिन्न स्थानों पर समय–समय पर आयोजित कार्यक्रमों में भी यथासंभव सम्मिलित किया जाता है।

नियमावली:

1. प्रतियोगिता के सामान्य नियम:

1.1 अकादमी द्वारा प्रदेश में संभागीय स्तर पर 24 चयनित नगरों में गायन, वादन, कथक नृत्य एवं सुगम
संगीत (भजन एवं ग़ज़ल) की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिताएं अकादमी द्वारा सम्भागीय स्तर पर आयोजित की जायेगी।

1.2 प्रत्येक उक्त केन्द्र की किसी स्थानीय संस्था, मान्यता प्राप्त स्कूल जहाँ संगीत विषय हो अथवा शैक्षिक संस्थाओं के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

1.3 शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों एवं विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1.4 बाल, किशोर एवं युवा वर्ग की शास्त्रीय संगीत प्रतियोगितायें निम्नलिखित ग्यारह (11)

विषयों में होंगी :–

(1) गायन ख़्याल–तराना

(2) गायन–ध्रुपद–धमार

(3) गायन–ठुमरी–दादरा

(4) तंत्र वाद्य–वीण, सितार, सरोद, गिटार, मंडोलिन एवं सन्तूर।

(5) गज वाद्य–वायलिन, सारंगी, इसराज एवं दिलरूबा।

(6) सुषिर वाद्य–बाँसुरी, शहनाई तथा क्लेरीनेट।

(7) अवनद्य वाद्य–तबला

(8) अवनद्य वाद्य–पखावज

(9) नृत्य–कथक नृत्य।

(10) सुगम संगीत भजन

(11) सुगम संगीत ग़ज़ल

1.5 प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अकादमी के अध्यक्ष का निर्णय सर्वमान्य होगा।

1.6 प्रतियोगिता के नियमों में से किसी भी समय आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने तथा पूर्व निर्धारित किये गये केन्द्रों पर शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता आयोजित करने एवं प्रतियोगिता केन्द्र को बदलने अथवा अन्य कोई परिवर्तन करने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।

2. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये अर्हतायें :

2.1 शास्त्रीय गायन, वादन, कथक नृत्य एवं सुगम संगीत (भजन एवं ग़ज़ल) की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के निवासी, अव्यवसायिक प्रतिभागी ही भाग ले सकते है अथवा तीन वर्षों से उत्तर प्रदेश में निवास कर किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक संस्था, स्कूल / किसी गुरू से संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहा हो, उससे सम्बन्धित सत्यापित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने वाली शैक्षिक संस्था / स्कूल / गुरू की होगी। आवेदन करने वाले प्रतिभागियों को जन्मतिथि प्रमाण–पत्र तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य होगा।

2.2 आयु के अनुसार प्रतियोगिता के तीन वर्ग होंगे।
1. बाल वर्ग
2. किशोर वर्ग
3. युवा वर्ग

2.3 बाल वर्ग की प्रतियोगिताओं में केवल वे प्रतिभागी भाग ले सकेंगे जिनकी आयु 31 जुलाई को 08 वर्ष से कम, किन्तु 14 वर्ष से अधिक न हो।

2.4 किशोर वर्ग की प्रतियोगिताओं में केवल वे प्रतिभागी भाग ले सकेंगे जिनकी आयु 31 जुलाई को 14 वर्ष से अधिक हो किन्तु 20 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

2.5 युवा वर्ग की प्रतियोगिताओं में केवल वे प्रतिभागी भाग ले सकेंगे जिनकी आयु 31 जुलाई को 20 वर्ष से अधिक हो, किन्तु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

2.6 जो प्रतिभागी विगत प्रादेशिक प्रतियोगिताओं में अपने आयु वर्ग के जिन विषयों की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं, वह पुनः उन विषयों की प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे।

2.7 विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिता हेतु शुल्क निम्नवत् है :–

1. बाल वर्ग .....रु0 300.00
2. किशोर वर्ग .....रु0 300.00
3. युवा वर्ग .....रु0 300.00

2.8 प्रतिभागी अपने जनपद के अन्तर्गत एक केन्द्र से ही शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकता है प्रतिभागी को आवेदन पत्र के साथ अपने आधार कार्ड की प्रतिलिपि भी लगानी होगी प्रतियोगिता का संयोजन करने वाले कर्मी द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रतिभागी द्वारा अपने जनपद के अन्तर्गत ही एक केन्द्र में ही प्रतिभाग किया जाए, यदि किसी समय पाया जाता है कि प्रतिभागी एक से अधिक केन्द्र में प्रतिभाग कर रहा है तो उसकी प्रतिभागिता निरस्त कर दी जायेगी।

3. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आवेदन करने की विधि :

3.1 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर दो प्रतियों में केन्द्र संयोजक के पास जमा करना होगा।

3.2 आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि किसी राजपत्रित अधिकारी अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य है। आयु प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

3.3 प्रतियोगिता के प्रत्येक विषय हेतु जिसमें प्रतिभागी भाग लेना चाहते हैं, इस हेतु के साथ शुल्क निदेशक, उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के नाम रेखांकित चेक, बैंक ड्राफ्ट अथवा ऑनलाइन संयोजकों के माध्यम से जमा की जा सकती है।

3.4 आवेदन पत्र आवश्यक संलग्नकों एवं बैंक ड्राफ्ट निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने प्रतियोगिता केन्द्र पर जमा करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर आवेदन पत्र की अतिरिक्त प्रतियाँ फोटोस्टेट कराकर भी आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

3.5 आवेदन पत्र पर प्रतिभागी के हस्ताक्षर, अल्प वयस्क होने में माता–पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

3.6 आवेदन पत्र की दोनों प्रतियों निर्धारित स्थान पर प्रतिभागियों को अपना नवीनतम फोटो लगाना अनिवार्य है।

3.7 आवेदन पत्र पूर्ण रुप से भरा जाना अनिवार्य है। अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगें।

4. मार्ग व्यय एवं संगतकर्ताओं का प्रबन्ध :

4.1 शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये प्रतिभागियों को अपनी यात्रा, भोजन एवं स्थानीय आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

4.2 शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रादेशिक प्रतियोगिता के केन्द्र तथा न्यूनतम दूरी हेतु द्वितीय श्रेणी का (स्लीपर क्लास) रेल किराया प्रदान किया जायेगा। प्रतिभागियों के साथ आने वाले संगतकर्ता अथवा अभिभावकों का दायित्व अकादमी पर नहीं होगा। केवल बाल वर्ग एवं महिला प्रतिभागियों के साथ केवल एक एस्कॉर्ट का द्वितीय श्रेणी (शयनयान) का रेल किराया प्रदान किया जायेगा।

4.3 शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता में केवल गायन एवं वादन के साथ तबला संगतकर्ता तथा हारमोनियम अथवा सारंगी संगतकर्ता का प्रवन्ध प्रतियोगिता केन्द्र द्वारा किया जायगा। यदि प्रतिभागी चाहें, तो अपने संगतकर्ता का प्रबन्ध स्वयं अपनी जिम्मेदारी पर कर सकता है। प्रतिभागियों को अपने आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि उन्हें प्रतियोगिता केन्द्र द्वारा प्रदान किये गये संगतकर्ता स्वीकार होंगे अथवा संगतकर्ता का प्रबन्ध वे स्वयं करेंगे।

5. शास्त्रीय संगीत के (ग्यारह) विषयों की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन सम्बन्धी नियम :

5.1 (क) कथक नृत्य की प्रतियोगिता में हिन्दुस्तानी वाद्यों तथा हारमोनियम का प्रयोग किया जा सकता है। रिकॉर्ड किये हुए संगीत पर कथक नृत्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(ख) बाल वर्ग के गायन एवं स्वर वाद्य/अवनद्ध वाद्य एवं कथक नृत्य के प्रतिभागियों को अपने आवेदन पत्र में तीन रागों एवं तीन तालों का उल्लेख करना होगा, जिसमें ऐच्छिक राग/तालों के प्रदर्शन की अवधि 07 मिनट होगी तथा निर्णायक मण्डल द्वारा पूछे गये राग/ताल के प्रदर्शन की अवधि 05 मिनट होगी।

(ग) किशोर वर्ग के गायन एवं स्वर वाद्य/अवनद्ध वाद्य एवं कथक नृत्य के प्रतिभागियों को अपने आवेदन पत्र में चार राग एवं चार तालों का उल्लेख करना होगा जिसमें ऐच्छिक रागध ताल के प्रदर्शन की अवधि 10 मिनट होगी तथा निर्णायक मण्डल द्वारा पूछे गये राग/ताल के प्रदर्शन की अवधि 05 मिनट होगी।

(घ) युवा वर्ग के गायन एवं स्वर वाद्य/अवनद्ध वाद्य एवं कथक नृत्य के प्रतिभागियों को अपने आवेदन पत्र में पाँच राग एवं पाँच तालों का उल्लेख करना होगा, जिसमें ऐच्छिक राग ध्ताल के प्रदर्शन की अवधि 12 मिनट होगी तथा निर्णायक मण्डल द्वारा पूछे गये रागध ताल के प्रदर्शन की अवधि 05 मिनट होगी।

नोट :

5.2 प्रत्येक विषय की प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्यों को सर्वसम्मति से किसी भी प्रतिमागी के प्रदर्शन की अवधि समाप्त होने पर बढ़ाने अथवा प्रदर्शन सन्तोषजनक न होने पर निर्धारित अवधि के पूर्व ही प्रदर्शन रोकने का अधिकार होगा।

सुगम संगीत (भजन एवं गज़ल) की प्रतियोगिता में प्रदर्शन सम्बन्धी नियम :

सुगम संगीत प्रतियोगिता के सामान्य नियम शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के सामान्य नियमों की भाँति ही होंगे। कुछ नियमों में परिवर्तन किये गये हैं, जिसका विवरण निम्न है :–

01. सुगम संगीत प्रतियोगिता में मौलिक रचनाएं होनी चाहिये, जो फिल्मी धुन एवं फिल्म से सम्बन्धित न हो।

02. सुगम संगीत में भजन एवं ग़ज़ल रिकॉर्डेड न हो तथा व्यवसायिक की कॉपी न हो।

03. संगतकर्ता के रूप में अधिकतम तीन वाद्यों का ही प्रयोग कर सकते हैं।

04. सुगम संगीत में भारतीय वाद्यों का प्रयोग ही मान्य होगा।

05. प्रत्येक केन्द्र में कम से कम सुगम संगीत के 15 प्रतिभागी होने आवश्यक है एवं अधिक से अधिक 30 प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

06. बाल वर्ग में 05 मिनट, किशोर वर्ग में 05 मिनट एवं युवा वर्ग के प्रतिभागियों को 05 मिनट का समय दिया जायेगा। 05 मिनट में निर्णायक मण्डल अपनी इच्छानुसार पूछ सकते हैं।

07. बाल वर्ग के प्रतिभागियों को तीन भजन/तीन गज़लों का उल्लेख करना अनिवार्य है ।

08. किशोर वर्ग के प्रतिभागियों को चार भजन / चार ग़ज़लों का उल्लेख करना अनिवार्य है।

09. युवा वर्ग के प्रतिभागियों को पाँच भजन/पाँच गजलों का उल्लेख करना अनिवार्य है।

10. भजन की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को भजन के बोल, रचनाकार एवं निबद्ध राग/ताल का उल्लेख करना होगा।

11. ग़ज़ल की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को ग़ज़ल के बोल, शायर का नाम तथा निबद्ध राग/ताल का उल्लेख करना होगा।

6. निर्णय एवं पुरस्कार :–

6.1 प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल अकादमी द्वारा गठित किये जायेंगे।

6.2 सम्भागीय एवं प्रादेशिक प्रतियोगिताओं में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को कोई स्थान प्रदान नहीं किया जायेगा।

6.3 गलत सूचना देने अथवा तथ्य छुपाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार नहीं मिलेगा साथ ही किसी भी समय इस प्रकार का तथ्य प्रकाश में आने पर प्रतियोगिता से उसकी प्रतिभागिता निरस्त कर दी जायेगी।

6.4 अकादमी के अनुसार यदि किसी वर्ग के प्रतिभागियों का प्रदर्शन का स्तर पुरस्कृत करने लायक नहीं हुआ तो पुरस्कार न प्रदान करने तथा किसी केन्द्र में कम से कम 10 प्रतिभागियों के आवेदन पत्र नहीं होने की दशा में उस केन्द्र पर प्रतियोगिता कराने अथवा न कराने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा।

6.5 अकादमी द्वारा प्रादेशिक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया जायेगा जिसके लिये कोई पारिश्रमिक देय नहीं होगा तथा रिकार्डिंग पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

6.6 प्रत्येक सम्भागीय प्रतियोगिता में बाल, किशोर एवं युवा वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रत्येक निर्धारित विषय में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेंगें। प्रमाण–पत्र अकादमी द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

6.7 प्रादेशिक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को निम्न विवरणानुसार नकद पुरस्कार, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे :–

(क) बाल वर्ग के अन्तर्गत प्रत्येक विषय में विजेता प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी :–

प्रथम .....रु0 2,500.00
द्वितीय .....रु0 2,000.00
तृतीय.....रु0 1,500.00

(ख) किशोर वर्ग के अन्तर्गत प्रत्येक विषय में विजेता प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी :–

प्रथम .....रु0 2,500.00
द्वितीय .....रु0 2,000.00
तृतीय.....रु0 1,500.00

(ग) युवा वर्ग के अन्तर्गत प्रत्येक विषय में विजेता प्रतियोगियों को निम्नानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी :–

प्रथम .....रु0 2,500.00
द्वितीय .....रु0 2,000.00
तृतीय.....रु0 1,500.00

(घ) प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के आवास की सुविधा अकादमी द्वारा प्रदान की जायेगी।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता

आवेदन–पत्र

(1) नीचे सभी प्रविष्टियां प्रतिभागियों द्वारा सुस्पष्ट अक्षरों में मरी जायें अथवा अंकित कराई जायें।

(2) जिस वर्ग विषय में सम्मिलित होना चाहते हैं, उसे रेखांकित कर दें, अन्य को X चिन्ह से काट दें।

(3) निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट आकार का अपना नवीन चित्र अवश्य लगायें।

(4) प्रतियोगिता शुल्क ऑनलाइन या ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है। 'ड्राफ्ट संख्या' स्पष्ट लिखें।

(5) बैंक ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर अवश्य लिखें तथा बैंक ड्राफ्ट को क्रॉस्ड भेजें।

(6) प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि नियमावली का भली–भांति अध्ययन करके अपने आवेदन पत्र अन्तिम निर्धारित तिथि तक वांछित प्रमाण–पत्र आदि सहित अपने केन्द्र संयोजक के पास जमा करें।

(7) अपूर्ण अथवा विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. पूरा नाम श्री/श्रीमती/कु0 .....

2. पिता/पति/अभिभावक का नाम.....

3. जन्म तिथि (प्रमाण–पत्र संलग्न) .....

4. पूरा पता.....

.....

मोबाइल नं0 ..... वाट्सएप नं0 .....

5. वर्ग : बाल/किशोर/युवा : .....

6. सांगीतिक योग्यता (यदि हो) : .....

7. विषय : शास्त्रीय

(1) गायन : (i) ख़्याल/तराना (ii) ध्रुपद/धमार (iii) ठुमरी/दादरा

(2) स्वर वाद्य : (iv) तन्त्र वाद्य : सितार/सरोद/गिटार/वीणा/मंडोलिन/संतूर

: (v) गज से बजने वाले वाद्य : वायलिन/सारंगी/इसराज/दिलरुबा

: (vi) सुषिर वाद्य : बांसुरी/शहनाई/क्लैरनेट

(3) अवनद्ध वाद्य : (vii) तबला

: (viii) पख़ावज

(4) नृत्य : (ix) कथक

8. क्या आप संगतकर्ता साथ लायेंगे? ☐ हाँ ☐ नहीं

9. क्या इसके पूर्व अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया है ? ☐ हाँ ☐ नहीं

यदि भाग लिया है तो निम्न लिखित विवरण यथास्थान अंकित करें :

(i) प्रतियोगिता वर्ष .....(ii) वर्ग .....

(iii) विषय .....(iv) स्थान– प्रथम☐ द्वितीय☐ तृतीय☐

10. प्रतियोगिता केन्द्र जहाँ सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट लिखें .....

11. संलग्न बैंक ड्रॉफ्ट संख्या ..... धनराशि.....दिनांक.....

12. आधार कार्ड की फोटोकॉपी .....

13. नियमावली के अनुच्छेद 5 के नियमों के अन्तर्गत भांगी गयी सूचनाएं कृपया निम्न तालिका में प्रस्तुत करें।

क्रम सं.	गायन एवं स्वर वाद्य : रागों की सूची	अवनद्ध वाद्य : तालों की सूची	कथक नृत्य तालों की सूची
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के नियमों को भली भांति अध्ययन कर लिया है और मुझे पुरस्कार एवं अन्य विषयों के सम्बन्ध में प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय मान्य होगा।

अभिभावक के हस्ताक्षर दिनांक..... प्रतिभागी के हस्ताक्षर

प्रति–2 (केन्द्र संयोजक)

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता

आवेदन–पत्र

(1) नीचे सभी प्रविष्टियां प्रतिभागियों द्वारा सुस्पष्ट अक्षरों में मरी जायें अथवा अंकित कराई जायें।

(2) जिस वर्ग विषय में सम्मिलित होना चाहते हैं, उसे रेखांकित कर दें, अन्य को X चिन्ह से काट दें।

(3) निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट आकार का अपना नवीन चित्र अवश्य लगायें।

(4) प्रतियोगिता शुल्क ऑनलाइन या ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है। 'ड्राफ्ट संख्या' स्पष्ट लिखें।

(5) बैंक ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर अवश्य लिखें तथा बैंक ड्राफ्ट को क्रॉस्ड भेजें।

(6) प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि नियमावली का भली–भांति अध्ययन करके अपने आवेदन पत्र अन्तिम निर्धारित तिथि तक वांछित प्रमाण–पत्र आदि सहित अपने केन्द्र संयोजक के पास जमा करें।

(7) अपूर्ण अथवा विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. पूरा नाम श्री/श्रीमती/कु0 .....

2. पिता/पति/अभिभावक का नाम.....

3. जन्म तिथि (प्रमाण–पत्र संलग्न) .....

4. पूरा पता.....

.....

मोबाइल नं0 ..... वाट्सएप नं0 .....

5. वर्ग : बाल/किशोर/युवा : .....

6. सांगीतिक योग्यता (यदि हो) : .....

7. विषय : शास्त्रीय

(1) गायन : (i) ख़्याल/तराना (ii) ध्रुपद/धमार (iii) ठुमरी/दादरा

(2) स्वर वाद्य : (iv) तन्त्र वाद्य : सितार/सरोद/गिटार/वीणा/मंडोलिन/संतूर

: (v) गज से बजने वाले वाद्य : वायलिन/सारंगी/इसराज/दिलरुबा

: (vi) सुषिर वाद्य : बांसुरी/शहनाई/क्लैरनेट

(3) अवनद्ध वाद्य : (vii) तबला

: (viii) पख़ावज

(4) नृत्य : (ix) कथक

8. क्या आप संगतकर्ता साथ लायेंगे? ☐ हाँ ☐ नहीं

9. क्या इसके पूर्व अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया है ? ☐ हाँ ☐ नहीं

यदि भाग लिया है तो निम्न लिखित विवरण यथास्थान अंकित करें :

(i) प्रतियोगिता वर्ष .....(ii) वर्ग .....

(iii) विषय .....(iv) स्थान– प्रथम☐ द्वितीय☐ तृतीय☐

10. प्रतियोगिता केन्द्र जहाँ सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट लिखें .....

11. संलग्न बैंक ड्रॉफ्ट संख्या ..... धनराशि.....दिनांक.....

12. आधार कार्ड की फोटोकॉपी .....

13. नियमावली के अनुच्छेद 5 के नियमों के अन्तर्गत भांगी गयी सूचनाएं कृपया निम्न तालिका में प्रस्तुत करें।

क्रम सं.	गायन एवं स्वर वाद्य : रागों की सूची	अवनद्ध वाद्य : तालों की सूची	कथक नृत्य तालों की सूची
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के नियमों को भली भांति अध्ययन कर लिया है और मुझे पुरस्कार एवं अन्य विषयों के सम्बन्ध में प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय मान्य होगा।

अभिभावक के हस्ताक्षर दिनांक..... प्रतिभागी के हस्ताक्षर

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

सुगम संगीत (भजन एवं ग़ज़ल) प्रतियोगिता

आवेदन–पत्र

(1) नीचे सभी प्रविष्टियां प्रतिभागियों द्वारा सुस्पष्ट अक्षरों में मरी जायें अथवा अंकित कराई जायें।

(2) जिस वर्ग विषय में सम्मिलित होना चाहते हैं, उसे रेखांकित कर दें, अन्य को X चिन्ह से काट दें।

(3) निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट आकार का अपना नवीन चित्र अवश्य लगायें।

(4) प्रतियोगिता शुल्क ऑनलाइन या ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है। 'ड्राफ्ट संख्या' स्पष्ट लिखें।

(5) बैंक ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता एवं मोवाइल नम्बर अवश्य लिखें तथा बैंक ड्राफ्ट को क्रॉस्ड मेजें।

(6) प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि नियमावली का भली–भांति अध्ययन करके अपने आवेदन पत्र अन्तिम निर्धारित तिथि तक वांछित प्रमाण–पत्र आदि सहित अपने केन्द्र संयोजक के पास जमा करें।

(7) अपूर्ण अथवा विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. पूरा नाम श्री/श्रीमती/कु0 .....

2. पिता/पति/अभिभावक का नाम.....

3. जन्म तिथि (प्रमाण–पत्र संलग्न) .....

4. पूरा पता.....

.....

मोबाइल नं0 ..... वाट्सएप नं0 . .....

5. वर्ग : बाल/किशोर/युवा : .....

6. सांगीतिक योग्यता (यदि हो) : .....

7. विषय : सुगम संगीत

(1) भजन ☐ :

(2) ग़ज़ल ☐ :

8. क्या आप संगतकर्ता साथ लायेंगे? ☐ हाँ ☐ नहीं

9. क्या इसके पूर्व अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया हो ? ☐ हाँ ☐ नहीं

यदि भाग लिया है तो निम्न लिखित विवरण यथास्थान अंकित करें :

(i) प्रतियोगिता वर्ष .....(ii) वर्ग .....

(iii) विषय .....(iv) स्थान– प्रथम☐ द्वितीय☐ तृतीय☐

10. प्रतियोगिता केन्द्र जहाँ सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट लिखें .....

11. संलग्न बैंक ड्रॉफ्ट संख्या ..... धनराशि.....दिनांक.....

12. आधार कार्ड की फोटोकॉपी .....

13. नियमावली के अनुच्छेद 5 के नियमों के अन्तर्गत मांगी गयी सूचनाएं कृपया निम्न तालिका में प्रस्तुत करें।

क्रम सं.	ग़ज़ल एवं भजन	रचनाकार/शायर	निबद्ध राग/ताल	संगीतकार
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के नियमों को भली भांति अध्ययन कर लिया है और मुझे पुरस्कार एवं अन्य विषयों के सम्बन्ध में प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय मान्य होगा।

अभिभावक के हस्ताक्षर दिनांक..... प्रतिभागी के हस्ताक्षर

प्रति–2 (केन्द्र संयोजक)

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी

विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

सुगम संगीत (भजन एवं ग़ज़ल) प्रतियोगिता

आवेदन–पत्र

(1) नीचे सभी प्रविष्टियां प्रतिभागियों द्वारा सुस्पष्ट अक्षरों में मरी जायें अथवा अंकित कराई जायें।

(2) जिस वर्ग विषय में सम्मिलित होना चाहते हैं, उसे रेखांकित कर दें, अन्य को X चिन्ह से काट दें।

(3) निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट आकार का अपना नवीन चित्र अवश्य लगायें।

(4) प्रतियोगिता शुल्क ऑनलाइन या ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है। 'ड्राफ्ट संख्या' स्पष्ट लिखें।

(5) बैंक ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता एवं मोवाइल नम्बर अवश्य लिखें तथा बैंक ड्राफ्ट को क्रॉस्ड मेजें।

(6) प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि नियमावली का भली–भांति अध्ययन करके अपने आवेदन पत्र अन्तिम निर्धारित तिथि तक वांछित प्रमाण–पत्र आदि सहित अपने केन्द्र संयोजक के पास जमा करें।

(7) अपूर्ण अथवा विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. पूरा नाम श्री/श्रीमती/कु0 .....

2. पिता/पति/अभिभावक का नाम.....

3. जन्म तिथि (प्रमाण–पत्र संलग्न) .....

4. पूरा पता.....

.....

मोबाइल नं0 ..... वाट्सएप नं0 . .....

5. वर्ग : बाल/किशोर/युवा : .....

6. सांगीतिक योग्यता (यदि हो) : .....

7. विषय : सुगम संगीत

(1) भजन ☐ :

(2) ग़ज़ल ☐ :

8. क्या आप संगतकर्ता साथ लायेंगे? ☐ हाँ ☐ नहीं

9. क्या इसके पूर्व अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया हो ? ☐ हाँ ☐ नहीं

यदि भाग लिया है तो निम्न लिखित विवरण यथास्थान अंकित करें :

(i) प्रतियोगिता वर्ष .....(ii) वर्ग .....

(iii) विषय .....(iv) स्थान– प्रथम☐ द्वितीय☐ तृतीय☐

10. प्रतियोगिता केन्द्र जहाँ सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट लिखें .....

11. संलग्न बैंक ड्रॉफ्ट संख्या ..... धनराशि.....दिनांक.....

12. आधार कार्ड की फोटोकॉपी .....

13. नियमावली के अनुच्छेद 5 के नियमों के अन्तर्गत मांगी गयी सूचनाएं कृपया निम्न तालिका में प्रस्तुत करें।

क्रम सं.	ग़ज़ल एवं भजन	रचनाकार/शायर	निबद्ध राग/ताल	संगीतकार
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के नियमों को भली भांति अध्ययन कर लिया है और मुझे पुरस्कार एवं अन्य विषयों के सम्बन्ध में प्रतियोगिता के निर्णायकों का निर्णय मान्य होगा।

अभिभावक के हस्ताक्षर दिनांक..... प्रतिभागी के हस्ताक्षर